# भाग - तीन

# पत्र - लेखन

# आवेदन पत्र

## अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को दो दिन के अवकाश के लिए आवेदन पत्र लिखिए ।

सेवा में,

**प्रधानाचार्य महोदय,**

सेकेण्डरी बोर्ड़ हाईस्कूल, कटक

(कक्षा शिक्षक के मार्फत)

**विषय : दो दिन के अवकाश के लिए आवेदन पत्र ।**

महाशय,

सविनय निवेदन है कि मैं पिछले दो दिनों से बुखार से पीडित हूँ । शारीरिक अस्वस्थता के कारण मैं स्कूल जाने में असमर्थ हूँ । डॉक्टर ने भी मुझे पूर्ण विश्राम का परामर्श दिया है ।

कृपया मुझे दिनाकं 10.10.15 और 11.10.15 को दो दिन का अवकाश प्रदान कर अनुगृहीत करें ।

**स्थान – कटक**

दिनांक - 10.10.2015

आपका आज्ञाकारी छात्र

**निर्मल कुमार चौधरी**

कक्षा - 8 वीं

वर्ग - 'ख'

अनुक्रमांक - 12

## अपने विद्यालय के प्राचार्य को एक दिन के अवकाश हेतु आवेदन पत्र लिखिए ।

सेवा में,

**प्राचार्य महोदय,**

चन्द्रशेखर जिला स्कूल, सम्बलपुर

**विषय : एक दिन के अवकाश के लिए आवेदन पत्र ।**

महाशय,

सनम्र निवेदन है कि आज हमारे घर पर धार्मिक समारोह है । अत्यधिक कार्य होने के कारण मुझे घर पर रहना आवश्यक है । कृपया मुझे आज दिनांक 10.11.2015 का अवकाश प्रदान करें ।

स्थान – सम्बलपुर

दिनांक - 10.11.2015

आपका आज्ञाकारी छात्र

**रामगोपाल वर्मा**

कक्षा - 8 वीं

वर्ग - 'ख'

अनुक्रमांक - 11

## शुल्क माफ के लिए प्रधानाध्यापक के पास आवेदन पत्र लिखें ।

सेवा में,

**प्रधानाचार्य महोदय,**

अरविन्द शिक्षाश्रम

भुवनेश्वर

(कक्षा अध्यापक के मार्फत)

**विषय : मासिक शुल्क माफ करने के लिए आवेदन-पत्र ।**

महाशय,

सविनय निवेदन है कि मैं आपके विद्यालय की आठवीं कक्षा का छात्र हूँ । मैं एक निर्धन परिवार से संबंध रखता हूँ । मेरे पिताजी की किराने की एक छोटी सी दुकान है जिससे इतनी आमदनी नहीं हो पाती कि परिवार का भरण-पोषण सुचारु रूप से हो सके ।

इसलिए मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि आप मेरा मासिक शुल्क माफ करने की कृपा करें जिससे मैं अपनी पढ़ाई जारी रख सकूँ । मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि मैं कड़ी मेहनत करके कक्षा में प्रथम आने का प्रयास करूँगा ।

स्थान – भुवनेश्वर

दिनांक - 11.10.2015

आपका आज्ञाकारी छात्र,

**महेश कुमार मिश्र**

कक्षा - 8 वीं

वर्ग - 'क'

अनुक्रमांक - 12

## पेय जल की समुचित व्यवस्था के लिए प्रधान शिक्षक को आवेदन पत्र

सेवा में,

**प्रधानाचार्य महोदय,**

पंचायत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,

सिमुलिया, बालेश्वर

**विषय : पेय जल की समुचित व्यवस्था के लिए आवेदन पत्र ।**

महाशय,

सविनय निवेदन है कि हमारे विद्यालय में पेय जल की समुचित व्यवस्था नहीं है। जो नल लगा हुआ है, विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं के लिए पर्याप्त नहीं है । कभी-कभी कई घंटों तक नल में पानी नहीं आता । टंकी में जमा हुआ मैला, दूषित पानी पीकर कई छात्र अस्वस्थ हो गए हैं ।

अत: हम सब छात्रगण आपसे विनीत प्रार्थना करते हैं कि स्वच्छ और शुद्ध पेय जल की व्यवस्था करने का कष्ट करें । हम सब आपके आभारी रहेंगे ।

स्थान – सिमुलिया

दिनांक - 17.11.2015

आपके आज्ञाकारी छात्रगण,

**सूरज वर्मा (छात्र प्रतिनिधि)**

**महेश साहु**

**अनुप पाठक**

## पुस्तक मँगवाने के लिए पुस्तक विक्रेता को पत्र

सेवा में,

**श्रीमान व्यवस्थापक महोदय,**

न्यू बुक डिपो,

करोलबाग, नई दिल्ली-110005

**विषय : पुस्तकों की खरीदने के सम्बधी ।**

महोदय,

कृपया निम्नलिखित पुस्तकें उचित कमीशन काटकर वी.पी.पी. द्वारा शीघ्रातिशीघ्र भेजने का कष्ट करें । **सौ रुपए** मनी आर्डर द्वारा अग्रिम भेज रहा हूँ । पुस्तकें नवीन संस्करण की होनी चाहिए । साथ ही एक नवीन पुस्तक सूची भी उपलब्ध कराएँ । कटी-फटी तथा सजिल्द न होने पर पुस्तकें लौटा दी जाएँगी, जिनके व्यय भार का उत्तरदायित्व आपका होगा ।

| **क्रम संख्या** | **नाम-पुस्तक** | **लेखक** | **प्रतियाँ** |
|---|---|---|---|
| 1. | साकेत | मैथिली शरण गुप्त | 2 |
| 2. | कामायनी | जयशंकर प्रसाद | 2 |
| 3. | नवीन हिन्दी शब्दकोश | अशोक बत्रा | 2 |
| 4. | नव युग हिन्दी व्याकरण | डॉ अशोक वर्मा | 3 |

दिनांक - 17.11.2015

भवदीय


**अजय कुमार महापात्र**

पी.आर उच्चतर माध्यमिक

विद्यालय; बलांगीर (ओड़िशा)

कक्षा-8 वीं 'क'

**अनुक्रमांक** - 14



## पुस्तक विक्रेता ने वी.पी.पी. द्वारा आपको पुस्तकें भेज दी हैं । धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए ।

शान्ति नगर
राउरकेला
अगस्त 20, 2015

सेवा में,
संचालक
आर्य बुक डिपो
मिंटो रोड़, नई दिल्ली - 110002

महोदय,

आपके द्वारा वी.पी.पी. पार्सल से भेजी गई पुस्तकें प्राप्त हो गई हैं । सभी पुस्तकें नवीन संस्करण की और अच्छी स्थिति में हैं, साथ ही अविलंब भेजी गई हैं । इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूँ ।

भवदीय
**प्रशांत झा**

## आपने हिन्दी बुक सेंटर रायपुर से कुछ कितावें मँगवाई थीं । वे फटी हुई तथा पुरानी पुस्तकें हैं । इसकी शिकायत करते हुए पुस्तकें वापस करने की सूचना दीजिए ।

**मुक्ता तिवारी**
**गोल बाजार, सम्बलपुर**
10.11.2015

**प्रबंधक**
**हिन्दी बुक सेंटर**
रायपुर, छत्तीसगढ़

**विषय : कटी-फटी पुस्तकों की वापसी हेतु आवेदन पत्र ।**

महोदय,

बड़े दु:ख के साथ आपको यह सूचित करना पड़ रहा है कि आपने मुझे जो निम्नलिखित पुस्तकें भेजी हैं वे कटी-फटी तथा पुरानी हैं । आपका यह व्यवहार आपकी प्रतिष्ठा के अनुकूल नहीं है । मैं ये पुस्तकें लौटा रही हूँ । आप शीघ्र ही इसकी जगह नई पुस्तकें भिजवाएँ । कृपया पुस्तकें शीघ्र भेजें क्योंकि मेरी परीक्षा शीघ्र ही शुरू होनेवाली है, पहले ही मेरा काफी समय आपने नष्ट किया है ।

1. कामायनी जय शंकर प्रसाद
2. साकेत मैथिली शरण गुप्त

भवदीया

**मुक्ता तिवारी**

## रुपये मँगवाने के लिए पिताजी को पत्र

मार्डन इंगलिश मिडीयम स्कूल
जयपुर (कोरापुट)
दिनांक : 10.11.2015

पूज्य पिताजी,

सादर प्रणाम !

मैं यहाँ सकुशल हूँ । दो दिन पहले मेरी तिमाही परीक्षा समाप्त हुई है । सभी पर्चे अच्छे हुए हैं । दिसम्बर में हमारे टेलेंट सर्च परीक्षा होगी । मैं उसकी पढ़ाई कर रहा हूँ । इस दिसम्बर में बड़े दिन की छुट्टियों में आपसे मुलाकात नहीं हो पाएगी, क्योंकि मैं विद्यालय परिवार के साथ 'भारतदर्शन' के लिए जा रहा हूँ । अत: मासिक व्यय के साथ अतिरिक्त राशि ५०० रुपये भेजने का कष्ट करें । माताजी को मेरा सादर चरणस्पर्श ! प्यारी बहन मीना और श्वेता को स्नेह ।

आपका पुत्र

**सुधाकर**

सेवा में,
श्री माधवचन्द्र शुक्ल
मोतीहारी
बिहार

## अपने छोटे भाई का परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए शुभकामना पत्र ।

नवीन पंड़ा
184-जयदेव विहार
भुवनेश्वर
दिनांक- 20 फरवरी 2015

प्रिय सरोज,
स्नेह !

आशा है तुम सकुशल होंगे । अगले महीने तुम्हारी वार्षिक परीक्षा शुरू होने वाली है । मन लगाकर पढ़ाई करो । अच्छे अंक प्राप्त करने पर तुम्हें दिल्ली या हैदराबाद के किसी बड़े महाविद्यालय में दाखिला मिल जाएगा । हमारी बहुत सी आशाएँ तुम्हारे अच्छे परिणाम से जुड़ी हुई हैं । अच्छी सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ ।

तुम्हारे बड़े भाई
नवीन

पता

श्री सरोज कुमार पंड़ा
बिड़ानासि, कटक
ओड़िशा

# व्यापारिक पत्र

## मारुति सेल्स कार्पोरेशन, बेंगलूरु को पत्र लिखकर पूछिए कि वे कार खरीदने पर उसकी कीमत किस रूप में चाहेंगे ?

नवीन मित्तल
18, बेगमपेट
दिनांक - 18.02.2015

सेवा में,
विक्रय प्रबंधक,
मारुति सेल्स कार्पोरेशन ,
बेंगलूरु

महोदय,

कृपया मुझे सूचित कीजिए कि मारुति जेन खरीदने के लिए मुझे आपको कितनी राशि किस रूप में देनी है ? क्या आप नगद राशि भी स्वीकार करेंगे ?

धन्यवाद

भवदीय,

नवीन

पता

श्री विकाश आचार्य

सहयोग नगर

बालेश्वर

## अभ्यास कराइए

1. अपने छोटे भाई को व्यायाम के लाभ बताते हुए एक पत्र लिखिए ।
2. विद्यालय-त्याग के प्रमाण पत्र हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ।
3. मनीऑर्डर न पहुँचने की शिकायत सम्बन्धी पत्र डाकपाल को लिखिए ।
4. अपने विद्यालय के छात्रावास की व्यवस्था के संबंध में पिताजी को पत्र लिखिए ।
5. प्रधानाचार्य को आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए ।
6. अपने मित्र को वार्षिक परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखिए ।
7. पढ़ाई के बारे में जानकारी देते हुए माता जी को पत्र लिखिए ।
8. जिलाधीश के कार्यालय में लिपिक के रिक्त पद के लिए आवेदन पत्र लिखिए ।

9. अपनी रचना के प्रकाशन हेतु सम्पादक के नाम पत्र लिखिए ।

10. विद्यालय में अध्यापक के रिक्त पद के लिए प्रधानाचार्य को आवेदन पत्र लिखिए ।

11. अपने शहर के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर उनसे अपने मुहल्ले की सफाई कराने का अनुरोध कीजिए ।

12. कुछ समय पूर्व आपने एक टेलीविजन खरीदा है, जो अनेक गाड़बडियों के कारण आपके लिए समस्या बना हुआ है । अपनी इस समस्या की जानकारी देते हुए विक्रेता के नाम पत्र लिखिए, जहाँ से आपने उसे खरीदा था ।

13. किसी प्रकाशक से पुस्तकें मँगवाने के लिए एक व्यावसायिक पत्र लिखिए ।

14. अपने मित्र की माता के आकस्मिक निधन पर एक संवेदना पत्र लिखिए ।

15. अपने मित्र को तर्क प्रतियोगिता में प्रथम आने पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए ।

•